प्रो. डी.डी. शर्मा बने यू.जी.सी.-मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक

शिमला, 18 दिसम्बर (अभिषेक): हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के प्रो. डी.डी. शर्मा को यू.जी.सी.-मानव संसाधन विकास केंद्र का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को जारी की गई।

अधिसूचना जारी होने के बाद प्रो. शर्मा ने अपना कार्यभार तत्काल प्रभाव से ग्रहण कर लिया है। प्रो. डी.डी. शर्मा पिछले 23 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं तथा इनके मार्गदर्शन में 11 पीएच.डी. तथा 31 विद्यार्थी एम.फिल. पूर्ण कर चुके हैं और 53 शोधपत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा इंगलैंड स्थित बाथ स्पा विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान के सहमति पत्र बनाने में भी प्रो. शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों के मानव संसाधन विकास केंद्रों में विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दे चुके हैं और 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में भाग ले चुके हैं।

देवदत्त शर्मा को सौंपी निदेशक की कमान

स्टाफ रिपोर्टर, शिमला



हिमाचल विवि में आचार्य देव दत्त शर्मा, भूगोल विभाग को यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र का नया निदेशक बनाया गया है। इसकी अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई है। प्रो. शर्मा पिछले 23 वर्षों से अध्यापन कर रहे हैं और 53 शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। आचार्य शर्मा कई विवि के मानव संसाधन विकास केंद्रों में विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दे चुके हैं और लगभग 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में भाग ले चुके हैं।

एच.आर.डी.सी. के बजट बढ़ौतरी का मामला यू.जी.सी. के समक्ष उठेगा

शिमला, 19 दिसम्बर (अभिषेक): हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र (एच.आर.डी.सी.) के बजट बढ़ौतरी का मामला विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के समक्ष उठाया जाएगा। एच.आर.डी.सी. में विभिन्न रिफ्रैशर कोर्स व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बजट की कमी खल रही है। इसके चलते केंद्र से बजट बढ़ौतरी का मामला उठाने का निर्णय लिया गया है। एच.आर.डी.सी. के नवनियुक्त निदेशक प्रो. डी.डी. शर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद केंद्र की गतिविधियों की समीक्षा करने के बाद यह पाया कि एच.आर.डी.सी. में विभिन्न रिफ्रैशर कोर्स व ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने में वित्तीय तंगहाली बाधा बन रही है। वर्तमान में 1 करोड़ रुपए का बजट मिलता है। निदेशक प्रो. डी.डी. शर्मा अब इस मामले को यू.जी.सी. के समक्ष उठाएंगे।